(हाथो–हाथ)/सैली

कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा–201306

संख्या–एफ–चार–01/2023–24–मॉन्टेसरी स्कूल

दिनांक 30/06/2023

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्रुप केन्द्र, के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा–201306 के मॉन्टेसरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु अस्थायी तौर पर विशुद्ध रूप से अनुबंधात्मक आधार 11 माह के लिए (दिनांक 15/07/2023 से 31/05/2024) महिला आया पद हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है:–

क्र.स.	पद	संख्या	मानदेय प्रतिमाह	आयु	शैक्षणिक योग्यता
01	आया	01 (क्रेच के लिए)	रू0 10,000/–	18–30 वर्ष	पॉचवी कक्षा या हिन्दी के साथ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

नोट:– पूरे वर्ष में समानुपातिक आधार पर 10 दिनों का आकस्मिक अवकाश भी मंजूर किया जाएगा तथा उपर्युक्त पद को किसी भी समय बिना सूचित किए घटाया जा सकता है।

02. **आवेदन पत्र/आवेदन करने का तरीका:–**

(अ) आवेदन पत्र निम्नानुसार भरा जायेगा:– (1) नाम आवेदक का/चस्पा फोटो (2) आवेदक के पिता/पति का नाम (3) पद जिसके लिए आवेदन किया है (4) आवेदक का स्थाई पता (5) आवेदक का वर्तमान पत्राचार का पता एवं मोबाईल नम्बर (6) आवेदक की नागरिकता (7) आवेदक की जन्मतिथि (8) आवेदक की जाति (9) आवेदक की शिक्षा (10) अन्य कोई जानकारी (11) आवेदक के हस्ताक्षर।

(ब) आवेदन करने का तरीका:–इच्छुक उम्मीदवार योग्यता के अनुसार उक्त पदों पर नियुक्त होने के लिए अपना आवेदन पत्र दिनांक **07/07/2023** तक **1600** बजे तक कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा–201306 पर भेजे। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को दिनांक **10/07/2023** को **10:00** बजे कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा–201306 में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। इसके लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अलग से पत्राचार द्वारा कोई सूचना नहीं दी जाएगी। साक्षात्कार के लिए सभी उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अध्यापन कार्य का अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र तथा उसकी दो प्रतिलिपि, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं बायोडाटा साथ लेकर आएगे।

04. **चयन प्रकिया:–**

उपरोक्त पद पर चयन आवेदकों के शैक्षणिक योग्यता/अनुभव के आधार पर इस ग्रुप केन्द्र में गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

नोट:– (क) चयन प्रकिया तिथि–समय प्रशासनिक कारणों से कभी भी रद्द व संशोधित की जा सकती है।

(ख) चयन के पश्चात बिना कारण बताये नियुक्ति कभी भी रद्द की जा सकती है।

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा